कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव

अति अल्प कालीन निविदा - सूचना

नगर पालिका परिषद, उन्नाव द्वारा सी0एस0आर0/बोर्ड फण्ड की धनराशि से पालिका सीमान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु समस्त ठेकेदारों/फर्मो से मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। शासनादेश के अनुसार ठेकेदार को शपथपत्र देना होगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव के निर्माण विभाग से **दिनांक 17–02–2025 से दिनांक 22–02–2025** समय सांय 02:00 बजे तक निर्धारित शुल्क एवं पंजीकृत प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त निविदायें **दिनांक 24–02–2025** को समय सांय 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद उन्नाव के निर्माण विभाग मे डाली जायेंगी तथा उसी दिन सम्बन्धित अधिकारियों एवं उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सांय 03:00 बजे से निविदायें खोली जायेंगी। निविदा के साथ 10 (दस) प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा एफ0डी0आर0/सी0टी0डी0आर0/ टी0डी0आर0/एन0एस0सी0/जमा पुष्टि रसीद मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा के साथ धरोहर धनराशि के प्रमाण पत्रों (रसीदों की छायाप्रति) को संलग्न करने अथवा नम्बरों को दर्ज करने पर सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी। कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाये। भुगतान धन की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी पालिका कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। विस्तृत विवरण नगर पालिका परिषद, उन्नाव के वेबसाइट **http:www.unnaonpp.in** पर भी उपलब्ध है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन धनराशि	टेण्डर फार्म की कीमत 18प्रतिशत जीएसटी सहित	धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	वार्ड सं0 18 पी0डी0 नगर में वेस्ट टू वंडर पार्क में बाउण्ड्रीवाल का प्लेटफार्म का निर्माण कार्य।	412466.00	487.00	41246.00	15 मार्च 2025
2	वार्ड सं0 18 पी0डी0 नगर में वेस्ट टू वंडर पार्क में सी0सी0 ट्रैक का निर्माण कार्य।	413273.00	488.00	41327.00	15 मार्च 2025
3	वार्ड सं0 18 पी0डी0 नगर में वेस्ट टू वंडर पार्क में गजीबो हेतु प्लेटफार्म एवं पी0सी0सी0 का कार्य।	420369.00	496.00	42037.00	15 मार्च 2025

नोटः— निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें पालिका की वेबसाइट http:www.unnaonpp.in, पर अथवा पालिका कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त कार्य में जी0एस0टी0 की धनराशि अलग से देय होगी।

(हस्ताक्षर) अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, उन्नाव।

(हस्ताक्षर) अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, उन्नाव।

पत्रांक : 4102 /अभि0वि0/2024-25/ 6013 दिनांक : 15-02-2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1) कार्यालय नगर पालिका परिषद, उन्नाव के नोटिस बोर्ड व वेबसाइट पर चस्पा हेतु।
2) सम्पादक, दैनिक उन्नाव टाइम्स, दैनिक दस उजालियाँ ...., उन्नाव को सरकारी दर पर कम से कम स्थान पर प्रकाशनार्थ।

(हस्ताक्षर) अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, उन्नाव।

01 प्रति प्राप्त किया।
Kishay (हस्ताक्षर)
15/02/25
उन्नाव टाइम्स

1 प्रति प्राप्त किया
(हस्ताक्षर)
15/2/25